भारत सरकार
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1484
उत्तर देने की तारीख: 5 दिसम्बर, 2011

निर्यातोन्मुखी संस्था के रूप में खादी को बढ़ावा देना

1484. श्री के. एन. बालगोपाल:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार वस्त्र क्षेत्र में खादी के निर्यात में वृद्धि के संभावित अवसरों को ध्यान में रखते हुए क्या उपाय कर रही है;

(ख) क्या कुछ खादी संस्थाओं को निर्यातोन्मुखी इकाइयों के रूप में बढ़ावा देने के प्रयोजन के लिए चुने जाने की क्या कोई योजना है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री
(श्री वीरभद्र सिंह)

(क) सरकार ने खादी और ग्रामीण उद्योगों के उत्पादों (केवीआई) के निर्यात के संवर्द्धन के लिए कई उपाय किए हैं । इनमें ये शामिल हैं: (i) केवीआई मदों के प्रत्यक्ष निर्यात पर केवीआई संस्थाओं को 10.00 लाख रू. की अधिकतम सीमा तक जहाज तक निष्प्रभार (एफओबी) मूल्य के 5% की दर पर प्रोत्साहन प्रदान करना और (ii) खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के जरिए सहायता प्रदान करना जिसे मान्यता प्राप्त निर्यात संवर्द्धन परिषद (ईपीसी) का दर्जा प्राप्त है ।

(ख) निर्यातोन्मुख इकाई के रूप में संवर्द्धन हेतु केवीआईसी द्वारा ऐसे किसी विशेष खादी संस्था का चयन नहीं किया गया है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

****